आचार्य तथा सहायक जनसंपर्क अधिकारी निकिता भाटी ने

विनय थानवी मौजूद रहे। निदेशक सुरेंद्र सोलंकी ने आभार जताया।

शारदा पीठ महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित होगा।

# स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने कॉन्क्लेव आयोजित

कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार आई स्टार्ट और स्टार्टअप चौपाल की ओर से कॉन्क्लेव का आयोजन बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने युवा स्टार्टअप को व्यवसाय में सफलता के गुर सिखाए। विशेषज्ञों के सेशन व पैनल डिस्कशन हुए। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक प्रवीण पाल सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव की शुरुआत में जय अग्रवाल ने एंटरप्रेन्योरशिप का सफर साझा किया। उन्होंने कहा कि पसंदीदा विषय में मन लगाकर और सभी को अपने साथ लेकर कार्य करें। इससे व्यापार में सफलता अवश्य मिलेगी। स्टार्टअप चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने सत्र का संचालन किया। इसके बाद एंटरप्रेन्योरशिप अपॉर्चुनिटी एंड रोड अहेड विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें जय अग्रवाल व्यवसायी, मारवाड़ी कैटालिस्ट के संस्थापक सुशील शर्मा तथा आई स्टार्ट के प्रतिनिधि अभिषेक पाटोदिया ने चर्चा की। आई स्टार्ट के मेंटर मनीष बत्रा, जयवीर सिंह शेखावत, स्टेम ट्रेनर शुभम वशिष्ठ ने आई स्टार्ट से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीकानेर के विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप्स, स्कूल स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों, अधिकारियों, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के प्रोफेसर, आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में आई स्टार्ट ने आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया। विभाग के अतिरिक्त निदेशक प्रवीण पाल सिंह और संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने आभार जताया।